जागरूकता विद्यार्थियों ने लिया वायु गुणवत्ता में सुधार लाने संकल्प

139 स्कूलों-कॉलेजों के हजारों छात्र-छात्राओं के बीच फैलाई जागरूकता

▸ नगर निगम ने एक और नवाचार कर पेश की मिसाल

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार के नेतृत्व ने नगर निगम जबलपुर ने एक और नवाचार पेश कर मिसाल कायम की है। इस बार नगर निगम के द्वारा शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार और स्वच्छ वायु के महत्व को शहर के कॉलेजों, स्कूलों और विश्विद्यालय में बच्चों के बीच जाकर जागरूकता फैलाई है। जिसे शहर में काफी सराहा जा रहा है।

इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 139 स्कूलों-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नगर निगम के द्वारा सेमिनार आयोजित किए गए, जिनमें हजारों छात्र-छात्राओं को स्वच्छ वायु के महत्व और प्रदूषण से बचाव के उपाय बताए गए। अभियान के तहत

सरकारी, निजी और केंद्रीय विद्यालयों में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रदूषण का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है और इसे कम करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इन प्रमुख स्कूलों-कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में हुए कार्यक्रम

जानकारी के अनुसार शहर के प्रमुख कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में क्रमश: ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज, नवयुग कॉलेज, महाकौशल कॉलेज, महाराष्ट्र कॉलेज, गुरु तेग बहादुर सिंह कॉलेज, नचिकेता कॉलेज, तक्षशिला कॉलेज, केसरवानी कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल नर्सिंग कॉलेज, जानकी रमण कॉलेज, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, हितकारिणी डेंटल कॉलेज, मॉडल साइंस कॉलेज, श्रीराम कॉलेज, होम साइंस कॉलेज, राधा कृष्ण कॉलेज, जीएस कॉलेज, आईआईटी, योगिनी इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई जबलपुर और जबलपुर पब्लिक कॉलेज सहित अन्य संस्थानों में फिल्म और वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी प्रकार प्रमुख स्कूलों क्रमश: सरस्वती शिशु मंदिर, आदर्श कन्या शाला, हितकारिणी स्कूल, गुरुनानक कन्याशाला, बेथल मिशन स्कूल, सीएम राइज स्कूल कंचनपुर, अशोका हॉल स्कूल, जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, क्राइस्ट चर्च स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, महार्षि विद्या मंदिर, बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल, सेंट एलॉयसियस, सेंट थॉमस, सेंट जोसेफ, सेंट गैब्रियल्स, आर्मी पब्लिक स्कूल, माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल सहित शहर के अनेक स्कूलों में अभियान नगर निगम द्वारा चलाया गया।

छात्र-छात्राओं को दिए गए संदेश

कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को पेड़ लगाने, वाहनों का कम उपयोग करने, धूल और कचरे को नियंत्रित करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अनेक विद्यालयों में छात्रों ने स्वच्छ वायु बनाए रखने के लिए संकल्प भी लिया। विशेषज्ञों ने कहा कि यदि बच्चे जागरूक होंगे तो परिवार और समाज स्वत: ही जागरूक होगा, जिससे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा।

श्वानों को बेरहमी से पीटा, थाने में शिकायत

जबलपुर। ओमती थाना अंतर्गत करमचंद में हथियारों से लैस तत्वों ने श्वानों पर हमला करते हुए उन्हें दौड़ाया। तत्वों ने डंडों, पत्थरों से श्वानों को बेरहमी से पीटा। घटनाक्रम सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गया है । पीड़ित ने मामले की शिकायत ओमती थाने में करते हुए कार्रवाई की मांग की है । जानकारी के मुताबिक संस्कार साहू, निवासी करमचंद चौक ने शिकायत में बताया कि गुरूवार प्रात: लगभग 3:13 बजे 10-12 अज्ञात युवक एक्टिवा वाहनों पर सवार होकर उनके घर के सामने आए। उनके हाथों में डंडे थे जिन्होंने सड़क एवं दुकानों के सामने से ईंटें उठाकर एवं अपने साथ लाए हुए हथियार से श्वानों पर हमला शुरू कर दिया। उन्होंने काफी समय तक कुत्तों को दौड़ाया। डंडों व ईंटों से प्रहार किया। रात्रि में समूह बनाकर हथियारनुमा डंडों के साथ इस प्रकार उत्पात मचाया । घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है ।

शिक्षक ने छात्र को पीटा, कान में चोट आने से सुनाई देना हुआ बंद

▸ परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाते हुए की शिकायत

नवभारत,जबलपुर। शहर के सांदीपनि शा.उ.मा. विद्यालय, मेडीकल में एक शिक्षक द्वारा छात्र से कथित मारपीट का मामला सामने आया है। कक्षा 10वीं के छात्र श्लोक विश्वकर्मा के परिजनों ने विद्यालय के शिक्षक बालकृष्ण तिवारी पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। जिससे उसके एक कान में चोट आई है और सुनाई देना भी बंद हो गया है। छात्र के पिता शरद विश्वकर्मा ने बताया कि 21 फरवरी 2026 को उसके बेटे का दसवीं कक्षा में प्रैक्टिकल था, कक्षा में कोई शिक्षक ना होने के कारण छात्र आपस में शरारत कर रहे थे, जिसे देखने के बाद शिक्षक बालकृष्ण ने श्लोक के साथ मारपीट कर दी। जिससे उसके एक कान में अंदरूनी चोट पहुंची है, जिससे उसे सुनाई नहीं दे रहा है।

प्राचार्य से की शिकायत

छात्र के साथ मारपीट होने के बाद विद्यालय द्वारा शिक्षक के ऊपर कोई कार्यवाही ना की जाने पर छात्र के पिता ने गुरुवार को विद्यालय प्राचार्य को लिखित शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से छात्र मानसिक रूप से भयभीत और तनावग्रस्त बताया जा रहा है, जिसका असर उसकी पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। परिजनों ने दोषी शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

मामले की जानकारी फोन पर लगी है, जैसे ही शिकायत मुझ तक पहुंचेगी, उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

घनश्याम सोनी
जिला शिक्षा अधिकारी

बैंक में बंधक मकान का सौदा कर दंपत्ति ने 19 लाख ठगे

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना क्षेत्र में एक शातिर दंपत्ति ने बैंक में गिरवी रखे मकान को अपना बताकर एक युवक से 19 लाख रुपये हड़प लिए। जब बैंक के अधिकारी कुर्की का नोटिस चिपकाने पहुंचे, तब जाकर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी बस्ती सुहागी निवासी 31 वर्षीय शुभम कुर्मी ने शिकायत दर्ज कराई कि आकाश विहार, विजय नगर निवासी राकेश प्रसाद तिवारी और उसकी पत्नी ज्योति तिवारी ने खैरी स्थित अपने मकान 810 वर्गफुट निर्मित क्षेत्र को बेचने का विज्ञापन दिया था। शुभम ने इस मकान का सौदा 25 लाख रुपये में तय किया और 5 जून 2025 को अनुबंध करते हुए 19 लाख रुपये का नकद भुगतान कर दिया।

बैंक अधिकारियों की दस्तक से खुला राज

17 जनवरी 2026 को शुभम के पैरों तले जमीन खिसक गई जब इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड मदन महल के अधिकारी मकान पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि इस मकान पर राकेश तिवारी ने अक्टूबर 2023 में ही 26 लाख रुपये का लोन लिया था। किस्तें न भरने के कारण बैंक अब मकान को कब्जे में लेने चस्पा करने आया है।

कूटरचित दस्तावेजों से बुना जाल

राकेश और ज्योति तिवारी ने बैंक में मकान बंधक होने की बात छुपाई और फर्जी तरीके से विक्रय अनुबंध तैयार कर शुभम को झांसे में लिया। आरोपियों की नीयत शुरू से ही पैसे हड़पने की थी। पीड़ित की शिकायत आरोपी दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अवकाश के दिन में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

नवभारत,जबलपुर। दस्तावेजों के पंजीयन में जनसामान्य की सुविधा और राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन ने होली के अवकाश को छोड़कर माह मार्च में शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खुले रखने के आदेश दिये हैं। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जबलपुर जिले में भी मार्च माह में होली के अवकाश को छोड़कर शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में शासकीय कार्य एवं दस्तावेजों के पंजीयन के लिये वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय, जिला पंजीयक और उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

170 कारतूसों-पिस्टल के साथ दरोगा समेत दो गिरफ्तार, यूपी से लाए थे खेप

नवभारत, जबलपुर। क्राइम ब्रांच और गोसलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहतरा टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर एक सफेद रंग की हुंडई कार से दो युवकों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल और 170 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं, जो वे उत्तर प्रदेश से तस्करी कर लाए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कटनी की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 6302 में अवैध हथियारों की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। इस पर गोसलपुर व क्राइम ब्रांच की टीम ने टोल प्लाजा पर जाल बिछाया और संदिग्ध वाहन को रुकवाया। कार में सवार दो युवकों की पहचान दरोगा उर्फ विशाल

पाण्डे 25 वर्ष, निवासी महाराजपुर और आदर्श बेन 22 वर्ष, निवासी सुहागी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान विशाल पाण्डे की कमर से एक देशी पिस्टल और डैशबोर्ड से 160 (32 बोर) कारतूस मिले। आदर्श बेन के पास से 10 (315 बोर) के कारतूस बरामद हुए। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

उत्तर प्रदेश से जुड़े तार

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ये कारतूस उत्तर प्रदेश के अतर्रा (बांदा) से भोला मामा नामक व्यक्ति से 80,000 रुपये में खरीदकर लाए थे। इसमें विशाल ने 72,000 और आदर्श ने 8,000 रुपये का निवेश किया था। पुलिस अब इस गिरोह के मुख्य सप्लायर की तलाश में जुट गई है।

दरोगा पर दर्ज है एक दर्जन से अधिक अपराध

उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी विशाल पाण्डे उर्फ दरोगा अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जिसके खिलाफ अधारताल, पनागर, कुण्डम, माढोताल में 1 दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है।